भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 300
02.12.2025 को उत्तर के लिए नियत

बेंगलुरु के लिए इलेक्ट्रिक बसें

300. **श्री तेजस्वी सूर्याः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा फेम, फेम II और पीएम ई-ड्राइव जैसी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की गई इलेक्ट्रिक बसों की कुल संख्या कितनी है;
(ख) बेंगलुरु शहर को आवंटित इलेक्ट्रिक बसों की संख्या कितनी है और इसके लिए आवंटित कुल निधि कितनी है;
(ग) वर्तमान में चलाए जा रहे आवंटित बसों की संख्या कितनी है; और
(घ) शेष बसों को चलाए जाने में विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) फेम, फेम-II और पीएम ई-ड्राइव स्कीम के तहत प्रदान की गई इलेक्ट्रिक बसों की कुल संख्या निम्नानुसार है: -

प्रदान की गई ई-बसों की संख्या		
फेम	फेम-II	पीएम ई-ड्राइव स्कीम
425	6,862	13,800

(ख) से (घ) बेंगलुरु शहर को आवंटित ई-बसों का विवरण निम्नानुसार है:

	फेम	**फेम II**	**पीएम ई-ड्राइव**
आवंटित ई-बसों की संख्या	शून्य	1221	4,500
आवंटित धनराशि	शून्य	517.23 करोड़ रुपये	शून्य

			प्रति ई-बस सटीक प्रोत्साहन कई कारकों पर निर्भर करता है, जैसा कि पीएम ई-ड्राइव स्कीम अधिसूचना में विस्तृत रूप से बताया गया है, जिसमें ई-बसों के लिए ऑपरेटरों द्वारा प्रस्तुत बोलियों के माध्यम से निर्धारित ई-बस की लागत भी शामिल है।
परिचालनरत ई-बसों की संख्या	शून्य	1221	शून्य
देरी का कारण	फेम के तहत कोई ई-बस आवंटित नहीं की गई	सभी बसें तैनात कर दी गई हैं	प्रधानमंत्री ई-ड्राइव स्कीम के अंतर्गत, पहले चरण में 10,900 ई-बसों के आवंटन हेतु सीईएसएल द्वारा 14.11.2025 को बोलियाँ खोली गईं। इन 10,900 ई-बसों में से 4,500 ई-बसें बीएमटीसी को आवंटित की गई हैं।

****